17. (a)	(i) Explain any two precautions to be adopted while estimating National Income by Expenditure method. **Ans. Two precautions to be adopted while estimating National Income by Expenditure Method are:** • **Expenditure on intermediate goods should not be included as it will lead to the problem of double counting.** • **Expenditure on purchase of second-hand goods should not be included as it does not add to the flow of goods and services in the current year.** **(Any other valid precaution to be awarded marks)** (ii) "Higher Gross Domestic Product (GDP) always means higher per capita availability of goods in the economy." Defend or refute the given statement as the index of welfare of the people of that country. **Ans. The given statement is refuted. Gross Domestic Product (GDP) may not affect the welfare of all the sections of the society in the same dimension. This is because a given rise in GDP may not increase the per capita availability of goods due to concentration in a few hands. For the rest, the income may have fallen. In such a case, the welfare of the entire economy may not increase despite the increase in GDP.** **(To be marked as a whole)**	**1 ½** **1 ½** **3**
	OR	**6**
(b)	(i) Distinguish between Stock and flow variables, using suitable examples. **Ans. Stock variables refer to those variables which are measured at a particular point of time.** **Example: National Wealth** **Flow variables refer to those variables which are measured over a period of time.** **Example: National Income (Any other valid example to be awarded marks)** (ii) Explain the components of 'Profit' as per Income Method of estimating National Income (NNP_{FC}). **Ans. The components of 'Profit' as per Income Method of estimating National Income (NNP_{FC}):** • **Corporate Tax: Taxes imposed on the income made by the corporations (or private sector firms).** • **Undistributed Profits: Part of the profit earned by the private and government-owned firms which are not distributed among the factors of production.** • **Dividend: The residual profit which is distributed among the shareholders (owners of capital).**	**1** **½** **1** **½** **1** **1** **1** **6**

	SECTION – B **(Indian Economic Development)**	
18.	_____ sector was the primary focus of the Great Leap Forward in China. (Fill up the blank with correct option) **Options:** (A) Tax (B) Industrial (C) Financial (D) Educational **Ans. (B) Industrial**	**1**
19.	Study the following picture:  Identify and select, the recent phenomenon in which demand for resources surpasses their supply. **Options:** (A) Economic growth (B) Environmental crisis (C) Technological advancement (D) Cultural evolution **Ans. (B) Environmental crisis**	**1**
	Note: The following question is for the visually impaired candidates only, in lieu of Q. No. 19. Identify, which of the following is **NOT** one of the strategies for Sustainable Development. **Options:** (A) Use of non-conventional sources of energy (B) Use of fossil fuel for transportation (C) Use of traditional knowledge (D) Use of organic compost manure **Ans. (B) Use of fossil fuel for transportation**	**1**
20.	Read the following statements carefully: **Statement-1:** Hired workers may be regular salaried workers or casual workers. **Statement-2:** Regular salaried employment is a major source of employment in rural areas in India. In the light of the given statements, choose the correct option from the following: (A) Statement 1 is true and Statement 2 is false. (B) Statement 1 is false and Statement 2 is true. (C) Both Statements 1 and 2 are true. (D) Both Statements 1 and 2 are false. **Ans. (A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.**	**1**
21.	From the terms given below in Column-I and Column-II, choose the correct pair of statements:	

	Column-I **Column-II** (i) Subsidies (a) Maximum quantity of goods that can be imported (ii) Land ceiling (b) Element of IPR 1956 (iii) Small Scale Industries (c) Land to the tiller (iv) Modernisation as a goal of five year plan (d) Change in social outlook **Options:** (A) (i) – (a) (B) (ii) – (b) (C) (iii) – (c) (D) (iv) – (d) **Ans. (D) (iv) – (d)**	**1**
22.	"It is short-term unemployment occurring, as people transit between jobs." On the basis of the given definition, identify the type of unemployment indicated. (Choose the correct option) **Options:** (A) Disguised Unemployment (B) Seasonal Unemployment (C) Open Unemployment (D) Frictional Unemployment **Ans. (D) Frictional Unemployment**	**1**
23.	Read the following statements carefully: Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below: **Assertion (A):** Prior to economic reforms, public investment in social infrastructure by China resulted in better Human Development Indicators (HDI). **Reason (R):** China is ahead of India and Pakistan on many Human Development Indicators (HDI). **Options:** (A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A). (B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A). (C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false. (D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true. **Ans. (B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).**	**1**
24.	Study the following image carefully:  Identify, the trade practice that has successfully replaced foreign goods with domestic production. **Options:** (A) Export Promotion (B) Export Substitution (C) Import Proliferation (D) Import Substitution **Ans. (D) Import Substitution**	**1**

	Note: The following question is for the visually impaired candidates only, in lieu of Q. No. 24. _____ refers to a trade policy aimed at reducing reliance on imported goods by encouraging domestic production. **Options:** (A) Export Promotion (B) Export Substitution (C) Import Substitution (D) Import Proliferation **Ans. (C) Import Substitution**	**1**
25.	From the following terms given in Column-I, match the correct pair of meaning given in Column-II: **Column-I** **Column-II** (a) Human Development Indicator (i) Rule of Law (b) Demographic Indicator (ii) Constitutional Protection (c) Special Economic Zone (iii) Generation of additional economic activities (d) Commune System (iv) Collective industrialisation **Options:** (A) (a) – (i) (B) (b) – (ii) (C) (c) – (iii) (D) (d) – (iv) **Ans. (C) (c) – (iii)**	**1**
26.	Read the following statements carefully: Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below: **Assertion (A):** Human capital formation increases the rate of participation of population to economic activities and leads to economic growth. **Reason (R):** Rate of participation of people refers to the percentage of people engaged in production process of a country. **Options:** (A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A). (B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A). (C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false. (D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true. **Ans. (B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).**	**1**
27.	India is **NOT** a member of which of the following regional/global economic grouping? (A) BRICS (B) SAARC (C) G-20 (D) G-7 **Ans. (D) G-7**	**1**
28. **(a)**	"Cooperatives have received a setback during the recent past." Justify the given statement with valid explanation. **Ans. Cooperative marketing has supported farmers in obtaining fair prices for their produce in the market. However, in recent times, they have encountered several challenges, including:** • **inadequate coverage of farmer members** • **insufficient connection between marketing and processing cooperatives** • **inefficient financial management (To be marked as a whole)**	**3**
	OR	
(b)	Explain the reasons behind less number of regular salaried employees in rural areas as compared to urban areas.	

	Ans. In India, rural areas have lesser number of regular salaried employees compared to the urban areas, as: • **most of the rural workforce is involved directly/indirectly in their farm and other allied activities.** • **regular salaried employment opportunities require skills and qualifications, which are generally not accessible to the rural population.** **(To be marked as a whole)**	**3**
29.	Trace the relationship between Human capital and Economic growth. **Ans. Human capital and economic growth of a nation are positively correlated. Human capital refers to the stock of knowledge and skill set of population of a nation. Investing in human capital improves efficiency and abilities of the human resource of the country.** **Technical skills gained through various sources of human capital formation (education, health, training etc.) contribute to increased productivity and output. Additionally, human capital fosters innovation and enhances the capacity to adopt new technologies, leading to economic growth.** **(To be marked as a whole)**	**3**
30.	(a) "Bio-pesticides help to reduce the ill-impacts of green revolution on soil and water bodies while promoting sustainable development." Justify the given statement with valid explanation. **Ans. Owing to the introduction of the Green Revolution in India, the usage of more and more chemical pesticides had adverse impacts such as contaminated soil, water bodies and groundwater.** **The use of bio-pesticides serves as an eco-friendly alternative to chemical pesticides. In addition to this, promoting natural predators like snakes and birds help to control pests, support the ecosystem, and contribute to sustainable agriculture.** **(To be marked as a whole)** (b) Define Absorptive capacity. **Ans. Absorptive capacity means the ability of the environment to absorb degradation.**	**3** **1** **4**
31. **(a)**	Describe briefly the rationale behind choosing 'Self-reliance' as a planning objective for the Indian economy. **Ans. 'Self-reliance' was adopted as a central planning objective in India's development strategy by the policymakers due to the following reasons:** • **To reduce the dependence on foreign nations, the stress was laid on mobilising domestic resources.** • **It was feared that the dependence on imported food supplies, foreign technology, and foreign capital may increase foreign interference in our policies.** **(To be marked as a whole)**	**4**
	OR	
(b)	Explain how, the Goods and Services Tax (GST) has simplified the multiplicity of taxes on goods and services. **Ans. Goods and Service Tax (GST) is the single comprehensive indirect tax. Under GST, tax is imposed on the basis of value addition at each stage of the movement of goods and services. It has replaced large number of indirect taxes levied on production/sale of goods or provision of service.** **Thus, GST ensures uniformity, reduces tax burden, prevents cascading effects, and enhances ease of doing business across the country.** **(To be marked as a whole)**	**4**
32.	Describe the path of developmental initiatives taken by Pakistan for its economic development.	

	Ans. Pakistan adopted a mixed economy model with the co-existence of public and private sectors. A variety of regulated policy frameworks were initiated to ensure import substitution-based industrialisation. **The introduction of Green Revolution led to the mechanisation of agricultural procedures. An increase in public investment in infrastructure changed the agrarian structure drastically. Pakistan also nationalised its capital goods industries. Later on, economic reforms were initiated to encourage privatisation.** **(To be marked as a whole)**	**4**
33.	Giving valid reasons, state whether the following statements are true or false.	
(a)	(i) India followed unbalanced growth during the colonial rule. **Ans. True. India's economy under the colonial rule remained fundamentally agrarian, there was hardly any capital goods industry. Furthermore, the growth rate of the newly devised industrial sector and its contribution to the Gross Domestic Product (GDP) remained very small.**	**2**
	(ii) The economic policies implemented in India between 1950–1990's sought to promote regional equality. **Ans. True. To promote regional equality, the process of obtaining an industrial license in an economically backward area, was made easier. Moreover, to ensure the efficiency and effectiveness of industrial operations, such units were given certain concessions such as tax benefits and electricity at a lower tariff.**	**2**
	(iii) India has become a favourable destination of outsourcing, in post 1991 period. Ans. **True. Availability of skilled manpower at a relatively affordable cost has made India a leading outsourcing hub for Multinational Corporations (MNCs) to outsource their services to India.**	**2**
	OR	**6**
(b)	(i) Distinguish between: (1) Tariff and non-tariff barriers **Ans. Tariff barriers refer to the restrictions on imports by a government in the form of taxes. Whereas, non-tariff barriers are the restrictions on imports by a government in the form other than taxes mainly including restrictions on the quantity and quality of goods imported.**	**1 ½**
	(2) Bilateral and multilateral trade **Ans. Bilateral trade refers to the exchange of goods or services between two countries. Whereas, multilateral trade is the trade by a country with more than two nations to exchange goods and services.**	**1 ½**
	(ii) "Small-Scale Industries require a shield against large scale industries." In the light of the given statement, elaborate the steps initiated by the government in this direction. **Ans. The steps initiated by government to shield the small-scale industries (SSIs) were:** • **The production of several products was reserved for SSIs, depending upon their ability to manufacture these goods.** • **They were given concession such as lower excise duty and bank loans at lower interest rates.** **(To be marked as a whole)**	**3**
		6

34.	Read the following text carefully: Agro-startups and rural enterprises are becoming increasingly vital for rural development in India. They address the critical challenges faced by rural sector in India. These ventures bring in technological innovations such as precision farming, IT-based monitoring system and data-driven decision-making tools that enhance productivity and resource efficiency. By streamlining supply chains and creating direct market linkages, they ensure better pricing for farmers and reduce dependency on traditional intermediaries. Such enterprises contribute actively to employment generation in the rural areas. The government has demonstrated a continuous policy and financial support for agri-startups and entrepreneurs through various programs like RKVY-RAFTAAR, the Agri-infrastructure fund and Agri-SURE. On the basis of given text and common understanding, answer the following questions: (a) Explain, how agro-startups address the critical challenges faced by the agricultural sector. **Ans. Agro-startups address the agricultural sector challenges by:** • **technical innovation such as precision farming, IT-based monitoring system and data-driven decision making tools.** • **streamlining supply chains and creating direct market linkages which may lead to better pricing. (To be marked as a whole)** (b) Comment on the role of government in supporting agro-startups and entrepreneurs in India. **Ans. The government has demonstrated continuous policy and financial support for agri-startups and entrepreneurs through various programs like RKVY-RAFTAAR, the Agri-infrastructure fund, and Agri-SURE. (To be marked as a whole)**	**4** **2**
		6

* * *

Marking Scheme Hindi Medium
Strictly Confidential
(For Internal and Restricted use only)
Senior School Certificate Examination,2025

ECONOMICS (SUBJECT CODE – 030)

(PAPER CODE – 58/1/1)

General Instructions: -

1	You are aware that evaluation is the most important process in the actual and correct assessment of the candidates. A small mistake in evaluation may lead to serious problems which may affect the future of the candidates, education system and teaching profession. To avoid mistakes, it is requested that before starting evaluation, you must read and understand the spot evaluation guidelines carefully.
2	**"Evaluation policy is a confidential policy as it is related to the confidentiality of the examinations conducted, Evaluation done and several other aspects. Its' leakage to public in any manner could lead to derailment of the examination system and affect the life and future of millions of candidates. Sharing this policy/document to anyone, publishing in any magazine and printing in News Paper/Website etc may invite action under various rules of the Board and IPC."**
3	Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In Class XII, while evaluating competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.**
4	The Marking scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly.
5	The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after delibration and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators.
6	Evaluators will mark(√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓)while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totalled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.

8	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.
10	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11	A full scale of marks 80 has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.
12	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Evaluation Guidelines). This is in view of the reduced syllabus and number of questions in question paper.
13	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. ● Wrong question wise totaling on the title page. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks.
15	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totalled and written in figures and words.
18	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

अंकन योजना हिन्दी माध्यम
सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2025
अर्थशास्त्र (विषय कोड –030)
[प्रश्न-पत्र कोड : 58/1/1]

अधिकतम अंक : 80

प्र.सं	अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिंदु	अंक
	खण्ड - क **(समष्टि अर्थशास्त्र)**	
1.	भुगतान संतुलन के चालू खाते लेनदेन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से असत्य कथन की पहचान करें: (सही विकल्प का चयन करें) **विकल्प** : (A) वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को क्रेडिट मदों के रूप में दर्ज किया जाता है। (B) वस्तुओं और सेवाओं के आयात को डेबिट मदों के रूप में दर्ज किया जाता है। (C) सभी हस्तांतरण भुगतान डेबिट मदों के रूप में दर्ज किए जाते हैं। (D) सभी हस्तांतरण प्राप्तियाँ डेबिट मदों के रूप में दर्ज की जाती हैं। **उत्तर - (D) सभी हस्तांतरण प्राप्तियाँ डेबिट मदों के रूप में दर्ज की जाती हैं।**	**1**
2.	कॉलम-I व कॉलम-II में दी गई मदों में से सही युग्म का चयन कीजिए : **कॉलम-I** — **कॉलम-II** (a) संपत्ति से आय — (i) वृद्धावस्था पेंशन (b) उद्यमशीलता से आय — (ii) लाभ (c) मिश्रित आय — (iii) नियोक्ता द्वारा प्रदत्त किराया मुक्त आवास (d) कर्मचारियों का मुआवजा — (iv) पूंजी पर ब्याज **विकल्प** : (A) (a) - (i) (B) (b) - (ii) (C) (c) - (iii) (D) (d) - (iv) **उत्तर - (B) (b) - (ii)**	**1**
3.	निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : **कथन 1 :** प्रबंधित तिरती विनिमय दर प्रणाली स्थिर व नम्य विनिमय दर प्रणाली का एक समामेलन है। **कथन 2 :** प्रबंधित तैरती विनिमय दर प्रणाली को "हाइब्रिड प्रणाली" के रूप में भी जाना जाता है। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर - (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।**	**1**
4.	"इरफान (एक छात्र) ने अपनी कॉलेज की फीस के लिए ₹ 80,000 का ऋण लिया है। वह स्नातक होने के छह माह बाद ऋण चुकाना प्रारंभ करने की योजना बना रहा है, जिसे वह 10 वर्ष की अवधि में चुकाएगा।" उपरोक्त गद्य के आधार पर मुद्रा के निर्दिष्ट कार्य की पहचान करें। (सही विकल्प का चयन करें) **विकल्प:** (A) विनिमय का माध्यम (B) खाते की इकाई (C) स्थगित भुगतान का मानक (D) मूल्य संचय **उत्तर - (C) स्थगित भुगतान का मानक**	**1**
5.	मान लीजिए, किसी अर्थव्यवस्था का बचत वक्र ₹ 50 करोड़ के ऋणात्मक मूल्य पर अवरोध (intercept) बनता है। अर्थव्यवस्था में, आय में वृद्धि का 20% बचत के रूप में रखा जाता है। उपरोक्त संदर्भ के आलोक में, निवेश गुणक (K) के मूल्य की पहचान करें। **विकल्प:**	

	(A) 2 (B) 5 (C) 10 (D) (∞) अनंत **उत्तर - (B) 5**	**1**
6.	निम्नलिखित कथनों-अभिकथन (A) व कारण (R) का अध्ययन करें। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें : **अभिकथन (A) :** सार्वजनिक वस्तुएँ वे वस्तुएँ हैं, जिनका उपभोग जनता द्वारा सामूहिक रूप से किया जाता है। **कारण (R) :** सार्वजनिक वस्तुएँ बहिष्कृत एवं प्रतिद्वंद्वात्मक प्रकृति की होती हैं। **विकल्प** : (A) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है। (B) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। **उत्तर - (C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।**	**1**
7.	मान लीजिए, औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) का मूल्य 0.8 है तथा राष्ट्रीय आय ₹ 4,000 करोड़ है, तो बचत का मूल्य ₹ _____ करोड़ होगा। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें।) **विकल्प :** (A) 100 (B) 200 (C) 500 (D) 800 **उत्तर - (D) 800**	**1**
8.	वाणिज्यिक बैंकों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ? (सही विकल्प का चयन करें।) (I) बैंकों के लिए जमाएँ देनदारियाँ होती हैं। (II) वे अर्थव्यवस्था में साख सृजक होते हैं। (III) वे आम जनता से जमा स्वीकार करते हैं। (IV) वे भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से जमा स्वीकार करते हैं। **विकल्प :** (A) (I), (II) व (III) (B) (II) व (III) (C) (I) व (II) (D) (I) व (IV) **उत्तर - (A) (I), (II) व (III)**	**1**
9.	यदि कोई राष्ट्र ₹ 600 करोड़ का माल निर्यात करता है तथा ₹ 450 करोड़ का माल आयात करता है, तो राष्ट्र के व्यापार संतुलन का मूल्य ₹ _____ करोड़ का _____ होगा। (A) 150, घाटा (B) 150, अधिशेष (C) 1,050, घाटा (D) 1,050, अधिशेष **उत्तर - (B) 150, अधिशेष**	**1**
10.	कॉलम-I व कॉलम-II में दिए गए पदों के समूह में से सही युग्म का चयन करें : **कॉलम-I** **कॉलम-II** (a) गैर-कर राजस्व (i) वस्तु व सेवा कर (b) अप्रत्यक्ष कर (ii) मुफ्त खोर (Free-rider) (c) पूंजीगत व्यय (iii) ऋण (d) निजी वस्तुएँ (iv) प्रतिद्वंद्वात्मक प्रकृति **विकल्प**: (A) (a) - (i) (B) (b) - (ii) (C) (c) - (iii) (D) (d) - (iv) **उत्तर - (D) (d) - (iv)**	**1**
11. (a)	साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि (NVA_{FC}) के मूल्य की गणना करें :	

क्रम सं.	मदें	राशि (₹ करोड़ में)
(i)	परिचालन अधिशेष	3,740
(ii)	रहतिया (unsold stock) में वृद्धि	600
(iii)	बिक्री	10,625
(iv)	कच्चे माल का क्रय	2,625
(v)	स्थायी पूँजी का उपभोग	500
(vi)	उपदान	400
(vii)	अप्रत्यक्ष कर	1,200

उत्तर -

साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि (NVA_{FC}) = (iii) + (ii) – (iv) – (v) – {(vii) – (vi)} — **1 ½**

= 10,625 + 600 – 2,625 – 500 – {1,200 – 400} — **1**

= ₹ 7,300 करोड़ — **½**

अथवा — **3**

(b) विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय (NFIA) तथा शुद्ध निर्यात (X - M) के मध्य अंतर स्पष्ट करें।

उत्तर - विदेश से शुद्ध कारक आय (NFIA), शेष विश्व से प्राप्त कारक आय और शेष विश्व को भुगतान की गई कारक आय के मध्य का अंतर है। — **1 ½**

जबकि;

शुद्ध निर्यात (X-M) से तात्पर्य वस्तुओं व सेवाओं के निर्यात के मूल्य और वस्तुओं व सेवाओं के आयात के मूल्य के मध्य के अंतर से है। — **1 ½**

3

12. "सरकार ने देश के विभिन्न भागों में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए 'अतुल्य भारत' अभियान प्रारंभ किया था।"

उपरोक्त अभियान के भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार तथा भुगतान संतुलन पर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से उल्लेखित करें।

उत्तर: अतुल्य भारत अभियान के शुभारंभ से पर्यटन उद्योग को विदेशी मुद्रा के अंतर्वाह के विषय में काफी लाभ हुआ है। विदेशी मुद्रा का यह अंतर्वाह, भुगतान संतुलन (BOP) के चालू खाते के क्रेडिट पक्ष में दर्ज किया जाता है। इससे न केवल भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है, बल्कि देश के भुगतान संतुलन की स्थिति में भी सुधार हुआ है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए) — **3**

13. "आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सरकार समाज के निर्धन वर्ग को निःशुल्क चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराती है।"

उपरोक्त कथन में इंगित बजट व्यय की प्रकृति व उसके उद्देश्य को पहचान व व्याख्या करें।

उत्तर: दिया गया कथन राजस्व व्यय को दर्शाता है। राजस्व व्यय वह व्यय होता है, जिससे न तो सरकार की परिसंपत्तियों का निर्माण होता है और न ही सरकार की देनदारियों में कमी होती है।

सरकारी बजट का संकेतित उद्देश्य 'पुनःआबंटन कार्य' है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा उपचार का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में आय के वितरण में समता लाना है। समाज के निर्धन वर्ग को दी जाने वाली ऐसी सेवाएँ उनके चिकित्सा व्यय को कम करती हैं, जिससे उनके हाथों में अधिक प्रयोज्य आय बचती है। इस प्रकार धनी और निर्धन के बीच की खाई को पाटा जाता है।

(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए) — **4**

14. मान लीजिए, किसी अर्थव्यवस्था में प्राथमिक जमा ₹ 500 है, यदि आरक्षित अनुपात 25% है। बैंकिंग प्रणाली द्वारा सृजित कुल जमा राशियों तथा कुल उधार (ऋण) का अनुमान लगाएं।

उत्तर: दिया गया है,

प्राथमिक जमा = ₹ 500

आरक्षित अनुपात = 25%

	कुल जमा = प्राथमिक जमा x $\frac{1}{\text{आरक्षित अनुपात}}$	**1**
	= 500 x $\frac{1}{0.25}$	½
	= ₹ 2,000	½
	कुल उधार (ऋण) = कुल जमा - प्राथमिक जमा	**1**
	= 2,000 - 500	½
	= ₹ 1,500	½
		4
15.	एक अर्थव्यवस्था में; C = 200 + 0.75 Y (जहाँ C = उपभोग व्यय है, तथा Y = राष्ट्रीय आय है)	
(a)	निवेश व्यय = ₹ 4,000 करोड़ है।	
	निम्नलिखित की गणना करें:	
	(i) आय का संतुलन स्तर	
	(ii) आय के संतुलन स्तर पर कुल उपभोग व्यय	
	उत्तर: दिया गया है,	
	C = 200 + 0.75 Y	
	निवेश व्यय = ₹ 4,000 करोड़	
	जैसा कि हम जानते हैं,	
	(i) आय के संतुलन स्तर पर, Y= C + I	**1 ½**
	Y= 200 + 0.75Y + 4,000	**1**
	Y= ₹ 16,800 करोड़	½
	(ii) आय के संतुलन स्तर पर कुल उपभोग व्यय = 200 + 0.75 Y	
	= 200 + 0.75 (16,800)	½
	= ₹ 12,800 करोड़	½
	अथवा	**4**
(b)	प्रत्याशित बचत के प्रत्याशित निवेश से अधिक होने की स्थिति में समायोजन तंत्र की व्याख्या करें।	
	उत्तर: जब प्रत्याशित बचत, प्रत्याशित निवेश से अधिक होती है, तो इसका अर्थ है कि , फर्मों द्वारा अपेक्षित उपभोग से कम उपभोग करने की योजना बना रहे हैं।	**4**
	इससे मालसूची (inventory) का अनपेक्षित संचय होगा। मालसूची के वांछित स्तर पर लाने के लिए, उत्पादक, अर्थव्यवस्था में उत्पादन को कम कर सकते हैं। यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी, जब तक संतुलन बहाल न हो जाए।	
	(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)	
16.	निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें:	
	केंद्रीय खाद्य व उपभोक्ता मामले के मंत्री ने कहा कि, सरकार ने खाद्य वस्तुओं की खुदरा (retail) कीमतों को नियंत्रित करने के लिए विगत वर्षों में कई सक्रिय कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि, सरकार का लक्ष्य राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि से समझौता किए बिना मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना है। नवंबर 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.55% के तीन माह के उच्चतम स्तर पर पहुँच गई, जो कि खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण है। अगस्त 2023 में मुद्रास्फीति में गिरावट आई थी, जब यह 6.83% पर पहुँच गई थी। आवश्यक वस्तुओं के थोक (wholesale) व खुदरा (retail) मूल्यों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु केंद्र सरकार ने 140 नए मूल्य निगरानी केंद्र स्थापित किए हैं।	
	सरकार ने गेहूँ, टूटे चावल, गैर-बासमती सफेद चावल, प्याज आदि कई खाद्य पदार्थों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। घरेलू आपूर्ति को प्रोत्साहित करने के लिए तथा मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने तिलहन व दलहन पर आयात शुल्क भी कम कर दिया है।	
	उपरोक्त गद्य व समान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:	
	(a) सरकार द्वारा स्थापित नए मूल्य निगरानी केंद्रों की संख्या बताएं।	
	उत्तर: केन्द्र सरकार द्वारा 140 नए मूल्य निगरानी केन्द्र स्थापित किए गए हैं।	**1**
	(b) घरेलू आपूर्ति को प्रोत्साहित करने व मूल्यों में कमी लाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं दो सक्रिय उपायों का उल्लेख करें।	

	उत्तर: घरेलू आपूर्ति को प्रोत्साहित करने और मूल्यों में कमी लाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए दो सक्रिय उपाय निम्न हैं: • **बहुत से खाद्य पदार्थों के निर्यात पर प्रतिबंध।** • **तिलहन और दलहन पर आयात शुल्क में कमी।** (c) मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए प्रयुक्त किसी एक मौद्रिक उपाय की व्याख्या करें। **उत्तर: मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, केंद्रीय बैंक रेपो दर में वृद्धि कर सकता है।** **रेपो दर में वृद्धि वाणिज्यिक बैंकों को अपनी ऋण दरों में वृद्धि करने के लिए मजबूर करेगी, जिससे ऋण की दरें महंगी हो जाएंगी। इस प्रकार, आम जनता द्वारा उधार लेने को हतोत्साहित किया जाएगा और इसके परिणामस्वरूप समग्र मांग में कमी आएगी। इस प्रकार, अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति की समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** **(अन्य कोई प्रासंगिक उपाय के लिया भी अंक प्रदान किए जाए)**	**1** **1** **3** **6**
17. **(a)**	(i) व्यय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय की गणना करते समय अपनाई जाने वाली किन्हीं दो सावधानियों की व्याख्या करें। **उत्तर: व्यय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाते समय निम्न दो सावधानियाँ बरती जानी चाहिए:** • **मध्यवर्ती वस्तुओं पर किए गए व्यय को सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे दोहरी गणना की समस्या उत्पन्न होगी।** • **पुरानी वस्तुओं के क्रय पर किए गए व्यय को सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह चालू वर्ष में वस्तुओं और सेवाओं के प्रवाह में सम्मिलित नहीं होता है।** **(अन्य कोई प्रासंगिक सावधानी के लिया भी अंक प्रदान किए जाए)** (ii) "उच्च सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का अर्थ सदैव अर्थव्यवस्था में वस्तुओं की प्रति व्यक्ति अधि-उपलब्धता होता है।" उपरोक्त कथन का उस देश के लोगों के कल्याण के सूचकांक के रूप में समर्थन अथवा खंडन करें। **उत्तर: दिए गए कथन का खंडन किया जाता है। ऐसा आवश्यक नहीं है कि, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में हुई वृद्धि, समाज के सभी वर्गों के कल्याण को समान रूप से प्रभावित करे। ऐसा इसलिए है कि, GDP में हुई वृद्धि कुछ ही हाथों में केंद्रित हो। अन्य व्यक्तियों के लिए, आय में कमी हो सकती है जिसके कारण प्रति व्यक्ति वस्तुओं की उपलब्धता में वृद्धि नहीं भी हो सकती है। ऐसी स्थिति में, जीडीपी में वृद्धि के बावजूद पूर्ण अर्थव्यवस्था के कल्याण में वृद्धि नहीं हो सकती है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**1 ½** **1 ½** **3**
	अथवा	**6**
(b)	(i) उपयुक्त उदाहरणों द्वारा, स्टॉक व प्रवाह चरो में अंतर स्पष्ट करें। **उत्तर: स्टॉक चर उन चरों को संदर्भित करते हैं, जिन्हें समय के एक विशेष बिंदु पर मापा जाता है।** **उदाहरण: राष्ट्रीय संपत्ति** **प्रवाह चर उन चरों को संदर्भित करते हैं, जिन्हें समय की एक अवधि के दौरान मापा जाता है।** **उदाहरण: राष्ट्रीय आय** **(कोई अन्य प्रासंगिक उदाहरण के लिया भी अंक प्रदान किए जाए)** (ii) राष्ट्रीय आय (NNP_{FC}) का अनुमान लगाने की आय विधि के अनुसार 'लाभ' के घटकों की व्याख्या करें। **उत्तर: राष्ट्रीय आय (NNP_{FC}) का अनुमान लगाने की आय विधि के अनुसार 'लाभ' के घटक:** • **निगम कर: निगमों (या निजी क्षेत्र की फर्मों) द्वारा अर्जित आय पर लगाए गए कर।** • **अवतरित लाभ: निजी और सरकारी स्वामित्व वाली फर्मों द्वारा अर्जित लाभ का वह भाग जो उत्पादन के कारकों के बीच वितरित नहीं किया जाता है।** • **लाभांश: शेष/बचा हुआ लाभ जो शेयरधारकों (पूंजी के मालिकों) के मध्य वितरित किया जाता है।**	**1** **½** **1** **½** **1** **1** **1** **6**

खंड – ख
(भारतीय आर्थिक विकास)

18. चीन में ग्रेट लीप फॉरवर्ड का प्राथमिक केंद्र _____ क्षेत्रक था। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें।) **1**

विकल्प:

(A) कर (B) औद्योगिक

(C) वित्तीय (D) शिक्षण

उत्तर - (B) औद्योगिक

19. निम्नलिखित चित्र का अध्ययन करें: **1**



उन विगत घटनाओं की पहचान व चयन करें, जिसमें संसाधनों की माँग उनकी आपूर्ति से अधिक हो गई है।

विकल्प:

(A) आर्थिक विकास (B) पर्यावरणीय संकट

(C) तकनीकी उन्नति (D) सांस्कृतिक विकास

उत्तर - (B) पर्यावरणीय संकट

नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है।

पहचान करें, निम्नलिखित में से कौन सी धारणीय विकास की रणनीतियों में से एक <u>नहीं</u> है।

विकल्प:

(A) ऊर्जा के गैर-परंपरागत स्रोतों का उपयोग

(B) परिवहन के लिए जीवाश्म ईंधन का उपयोग

(C) पारंपरिक ज्ञान का उपयोग

(D) जैविक कम्पोस्ट खाद का उपयोग

उत्तर - (B) पर्यावरण के लिए जीवाश्म ईंधन का उपयोग **1**

20. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें:

कथन-1: कार्यरत व्यक्ति नियमित वेतनभोगी कर्मचारी या आकस्मिक कर्मचारी हो सकते हैं।

कथन-2: भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित वेतनभोगी रोज़गारी रोज़गार का एक प्रमुख स्रोत हैं।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

उत्तर - (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। **1**

21. नीचे दिए गए कॉलम-I व कॉलम-II में दिए गए पदों में से सही युग्म का चयन करें: **1**

कॉलम-I	**कॉलम-II**
(i) उपदान	(a) आयात की जा सकने वाली वस्तुओं की अधिकतम सीमा
(ii) भूमि सीमा निर्धारण	(b) IPR 1956 का तत्व
(iii) लघु उद्योग	(c) जुताई करने वालों के लिए भूमि
(iv) पंचवर्षीय योजना के उद्देश्य के रूप में आधुनिकीकरण	(d) सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन

विकल्प:

(A) (i) – (a) (B) (ii) – (b)

(C) (iii) – (c) (D) (iv) – (d)

उत्तर - (D) (iv) – (d)

22.	'यह अल्पकालिक बेरोज़गारी है, जो लोगों के एक नौकरी से दूसरी नौकरी में जाने के कारण उत्पन्न होती है।' दी गई परिभाषा के आधार पर इंगित बेरोज़गारी के प्रकार की पहचान कीजिए। (सही विकल्प का चयन करें) **विकल्प:** (A) प्रच्छन्न बेरोज़गारी (B) मौसमी बेरोज़गारी (C) खुली बेरोज़गारी (D) घर्षणात्मक बेरोज़गारी **उत्तर - (D) घर्षणात्मक बेरोज़गारी**	**1**
23.	निम्नलिखित कथनों-अभिकथन (A) व कारण (R) का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें: **अभिकथन (A):** आर्थिक सुधारों से पूर्व, चीन द्वारा सामाजिक संरचना पर सार्वजनिक निवेश के परिणामस्वरूप बेहतर मानव विकास संकेतक (HDI) प्राप्त हुए थे। **कारण (R):** चीन कई मानव विकास संकेतकों (HDI) में भारत व पाकिस्तान से आगे है। **विकल्प**: (A) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है। (B) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। **उत्तर - (B) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।**	**1**
24.	निम्नलिखित चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें:  उस व्यापार पद्धति की पहचान करें, जिसने विदेशी वस्तुओं को घरेलू उत्पादन से सफलतापूर्वक प्रतिस्थापित कर दिया है। **विकल्प:** (A) निर्यात संवर्धन (B) निर्यात प्रतिस्थापन (C) आयात प्रसार (D) आयात प्रतिस्थापन **उत्तर - (D) आयात प्रतिस्थापन** **नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर है।** _____उस व्यापार नीति को संदर्भित करता है, जिसका उद्देश्य वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करके आयातित वस्तुओं पर निर्भरता को कम करना है। **विकल्प:** (A) निर्यात संवर्धन (B) निर्यात प्रतिस्थापन (C) आयात प्रतिस्थापन (D) आयात प्रसार **उत्तर - (C) आयात प्रतिस्थापन**	**1** **1**
25.	कॉलम-I में दिए गए निम्नलिखित पदों का कॉलम-II में दिए गए अर्थ से मिलान करें: **कॉलम-I** **कॉलम-II** (a) मानव विकास संकेतक (i) कानून का शासन (b) जनसांख्यकीय संकेतक (ii) संवैधानिक संरक्षण (c) विशेष आर्थिक क्षेत्र (iii) अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों का सृजन (d) कम्यून प्रणाली (iv) सामूहिक औद्योगीकरण	

	विकल्प: (A) (a) – (i) (B) (b) – (ii) (C) (c) – (iii) (D) (d) – (iv) **उत्तर - (C) (c) – (iii)**	**1**
26.	निम्नलिखित कथनों-अभिकथन (A) व कारण (R) का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें: **अभिकथन (A):** मानव पूंजी निर्माण आर्थिक गतिविधियों में जनसंख्या की भागीदारी दर में वृद्धि करता है तथा आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करता है। **कारण (R):** भागीदारी दर किसी राष्ट्र की उत्पादन प्रक्रिया में संलग्न व्यक्तियों के प्रतिशत को संदर्भित करती है। **विकल्प**: (A) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है। (B) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। **उत्तर - (B) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।**	**1**
27.	भारत निम्नलिखित में से किस क्षेत्रीय/वैश्विक आर्थिक समूह का सदस्य <u>नहीं</u> है? (A) ब्रिक्स (BRICS) (B) सार्क (SAARC) (C) G-20 (D) G-7 **उत्तर - (D) G-7**	**1**
28. **(a)**	"विगत समयावधि में सहकारी समितियों को झटका लगा है।" उपरोक्त कथन का वैध स्पष्टीकरण द्वारा औचित्य सिद्ध करें। **उत्तर: सहकारी समितियों ने किसानों को बाजार में अपनी उपज के लिए उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता की है। हालाँकि, विगत समयावधि में, उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिनमें निम्नलिखित प्रमुख हैं:** • **कृषक सदस्यों का अपर्याप्त समावेशन** • **विपणन और प्रसंस्करण सहकारी समितियों के बीच अपर्याप्त संबंध,** • **अकुशल वित्तीय प्रबंधन** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3**
	अथवा	
(b)	शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों की कम संख्या के पीछे के कारणों की व्याख्या करें। **उत्तर: भारत में, शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों की संख्या कम है, क्योंकि:** • **अधिकांश ग्रामीण कार्यबल प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से कृषि और अन्य संबंधित गतिविधियों में सम्मिलित है।** • **नियमित वेतनभोगी रोजगार के अवसरों के लिए कौशल और योग्यता की आवश्यकता होती है, जो सामान्यतः ग्रामीण जनसंख्या के लिए सुलभ नहीं होती है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3**
29.	मानव पूंजी व आर्थिक विकास के मध्य संबंध स्थापित करें। **उत्तर: मानव पूंजी और किसी राष्ट्र के आर्थिक विकास के बीच धनात्मक सह - संबंध हैं। मानव पूंजी से तात्पर्य किसी राष्ट्र की जनसंख्या के ज्ञान और कौशल के भंडार से है। मानव पूंजी में निवेश करने से राष्ट्र के मानव संसाधन की दक्षता और क्षमताओं में सुधार होता है।** **मानव पूंजी निर्माण के विभिन्न स्रोतों (शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशिक्षण आदि) के माध्यम से प्राप्त तकनीकी कौशल उत्पादकता और उत्पादन बढ़ाने में योगदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, मानव पूंजी नवाचार को प्रोत्साहित करती है और नई तकनीकों को अपनाने की क्षमता में वृद्धि करती है, जिससे आर्थिक विकास होता है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3**

30.	(a) "जैव कीटनाशक हरित क्रांति के मृदा व जल निकायों पर दुष्प्रभावों को सीमित करने में सहायता करते हैं तथा धारणीय विकास को प्रोत्साहित करते हैं।" उपरोक्त कथन का वैध स्पष्टीकरण द्वारा औचित्य सिद्ध करें। **उत्तर: भारत में हरित क्रांति की शुरुआत के कारण, अधिक से अधिक रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग ने मिट्टी, जल निकायों और भूजल आदि के दूषित होने के कारण इन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।** **जैव कीटनाशकों का उपयोग रासायनिक कीटनाशकों के लिए एक पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, सांपों और पक्षियों जैसे प्राकृतिक शिकारियों को बढ़ावा देने से कीटों को नियंत्रित करने, पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने और धारणीय कृषि में योगदान करने में मदद मिलती है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** (b) अवशोषण क्षमता को परिभाषित करें। **उत्तर: अवशोषण क्षमता का अर्थ पर्यावरण की अपक्षय को सोखने की योग्यता से है।**	**3** **1** **4**
31. **(a)**	भारतीय अर्थव्यवस्था के योजना उद्देश्य के रूप में 'आत्म-निर्भरता' के चयन के पीछे के तर्कों का संक्षिप्त वर्णन करें। **उत्तर: नीति निर्माताओं द्वारा भारत की विकास रणनीति में 'आत्म-निर्भरता' को केंद्रीय नियोजन उद्देश्य के रूप में अपनाया गया, जिसके निम्नलिखित कारण थे:** • **विदेशों पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू संसाधनों को जुटाने पर जोर दिया गया।** • **यह आशंका थी कि आयातित खाद्य आपूर्ति, विदेशी प्रौद्योगिकी और विदेशी पूंजी पर निर्भरता हमारी नीतियों में विदेशी हस्तक्षेप में वृद्धि कर सकती है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** **अथवा**	**4**
(b)	व्याख्या करें कि, किस प्रकार वस्तु व सेवा कर (GST) ने वस्तुओं व सेवाओं पर करों की बहुलता को सरल बना दिया है। **उत्तर: वस्तु व सेवा कर (GST) एकल व्यापक अप्रत्यक्ष कर है। जीएसटी के अंतर्गत, वस्तुओं और सेवाओं के संचालन के प्रत्येक चरण में मूल्य वर्धन के आधार पर कर लगाया जाता है। इसने वस्तुओं के उत्पादन/बिक्री या सेवा के प्रावधान पर लगाए गए बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष करों को प्रतिस्थापित कर दिया है। इस प्रकार, जीएसटी एकरूपता सुनिश्चित करता है, कर का बोझ कम करता है, सोपानन (Cascading) प्रभावों पर रोक लगाता है, और पूरे देश में व्यापार करने की सुविधा को बढ़ाता है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**4**
32.	पाकिस्तान द्वारा अपने आर्थिक विकास पथ के लिए उठाए गए विकासात्मक कदमों का वर्णन करें। **उत्तर: पाकिस्तान ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के सह-अस्तित्व के साथ एक मिश्रित अर्थव्यवस्था मॉडल को अपनाया था। आयात प्रतिस्थापन-आधारित औद्योगिकीकरण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार के विनियमित नीतिगत रूपरेखाएं प्रारंभ की गई थी।** **हरित क्रांति के प्रारंभ ने कृषि प्रक्रियाओं में मशीनीकरण की शुरुआत की। आधारिक संरचना में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि ने कृषि संरचना को काफी परिवर्तित किया था। पाकिस्तान ने अपने पूंजीगत वस्तुओं के उद्योगों का भी राष्ट्रीयकरण किया था। तदुपरांत, निजीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक सुधार शुरू किए गए। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**4**
33. **(a)**	मान्य कारणों द्वारा उल्लेख करें कि, निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य: (i) औपनिवेशिक शासन में भारत में असंतुलित विकास हुआ था। **उत्तर: सत्य। औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था मूल रूप से कृषि प्रधान रही, पूंजीगत वस्तु उद्योग शायद ही मौजूद थे। इसके अतिरिक्त, नए विकसित औद्योगिक क्षेत्र की वृद्धि दर और सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में इसका योगदान बहुत कम रहा।** (ii) 1950 से 1990 के मध्य भारत में लागू की गई आर्थिक नीतियों का उद्देश्य क्षेत्रीय समानता को प्रोत्साहित करना था। **उत्तर: सत्य। क्षेत्रीय समानता को प्रोत्साहित करने के लिए, आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में औद्योगिक लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक संचालन की दक्षता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए, ऐसी इकाइयों को कर लाभ और कम टैरिफ पर बिजली जैसी कुछ सुविधाएं भी दी गईं।**	**2** **2**

	(iii) 1991 के उपरांत की अवधि में भारत बाह्य प्रॉपण (outsourcing) के लिए एक अनुकूल स्थान बन गया। **उत्तर: सत्य। अपेक्षाकृत सस्ती लागत पर कुशल श्रमशक्ति की उपलब्धता ने भारत को बहुराष्ट्रीय निगमों (MNCs) के लिए अपनी सेवाओं को भारत में आउटसोर्स करने हेतु एक प्रमुख बाह्य प्रॉपण केंद्र बना दिया है।**	**2**
	अथवा	**6**
(b)	(i) अंतर स्पष्ट करें: (1) प्रशुल्क व अप्रशुल्क अवरोधक **उत्तर: प्रशुल्क अवरोधक करों के रूप में सरकार द्वारा आयात पर लगाए गए प्रतिबंधों को संदर्भित करते हैं। जबकि, अप्रशुल्क अवरोधक करों के अतिरिक्त अन्य रूपों में सरकार द्वारा आयात पर लगाए गए प्रतिबंध हैं, जिनमें मुख्य रूप से आयातित वस्तुओं की मात्रा और गुणवत्ता पर प्रतिबंध शामिल हैं।** (2) द्विपक्षीय व बहुपक्षीय व्यापार **उत्तर: द्विपक्षीय व्यापार से तात्पर्य दो देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान करने के लिए किया जाने वाला व्यापार से है। जबकि, बहुपक्षीय व्यापार एक देश द्वारा दो से अधिक देशों के साथ वस्तुओं और सेवाओं का आदान-प्रदान करने के लिए किया जाने वाला व्यापार है।** (ii) "लघु उद्योगों को बड़े उद्योगों के विरुद्ध एक सुरक्षा कवच की आवश्यकता है।" उपरोक्त कथन के आलोक में, इस दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को विस्तार से समझाएं। **उत्तर: लघु उद्योगों (SSIs) को बचाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम इस प्रकार हैं:** • **कई उत्पादों का उत्पादन लघु उद्योगों के लिए आरक्षित किया गया, जो इन वस्तुओं के निर्माण की उनकी क्षमता पर निर्भर करता है।** • **उन्हें कम उत्पाद शुल्क और कम ब्याज दरों पर बैंक ऋण जैसी सुविधाएं दी गईं।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**1 ½** **1 ½** **3**
		6
34.	निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें: कृषि-स्टार्टअप व ग्रामीण उद्यम भारत में ग्रामीण विकास के लिए तीव्रता से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। वे भारत में ग्रामीण क्षेत्र में आने वाली गंभीर चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करते हैं। ये उद्यम उन्नत कृषि, IT-आधारित निगरानी प्रणाली व डेटा आधारित निर्णय लेने वाले उपकरण जैसे तकनीकी नवाचार लाते हैं, जो उत्पादकता व संसाधन दक्षता में वृद्धि करते हैं। आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुव्यवस्थित करके व प्रत्यक्ष बाजार से संपर्क स्थापित करके वे कृषकों के लिए उचित मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करते हैं तथा पारंपरिक बिचौलियों पर निर्भरता भी कम करते हैं। ऐसे उद्यम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन में सक्रिय रूप से योगदान प्रदान करते हैं। सरकार ने RKVY-RAFTAAR, कृषि अवसंरचना कोष तथा Agri-SURE आदि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि स्टार्टअपों व उद्यमियों के लिए निरंतर नीति व वित्तीय सहायता का प्रदर्शन किया है। उपरोक्त गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: (a) उल्लेख करें कि किस प्रकार कृषि-स्टार्टअप कृषि क्षेत्र में आने वाली गंभीर चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करते हैं। **उत्तर: कृषि-स्टार्टअप कृषि क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं:** • **तकनीकी नवाचार जैसे कि उन्नत खेती, IT-आधारित निगरानी प्रणाली और डेटा-आधारित निर्णय लेने वाले उपकरण।** • **आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुव्यवस्थित करना और प्रत्यक्ष बाजार संपर्क स्थापित करना जिससे बेहतर मूल्य निर्धारण हो सकता है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** (b) भारत में कृषि स्टार्टअपों व उद्यमियों को समर्थन देने में सरकार की भूमिका पर टिप्पणी करें। **उत्तर: सरकार ने RKVY-RAFTAAR, कृषि अवसंरचना कोष तथा Agri-SURE जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि-स्टार्टअप और उद्यमियों के लिए निरंतर नीति और वित्तीय सहायता का प्रदर्शन किया है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**4** **2**
		6

* * *